उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

प्रेस नोट

दिनांक 06 जुलाई, 2023

दिनांक 06 जुलाई, 2023 को मा0 अध्यक्ष प्रो0 (डॉ0) जे0एम0एस0 राणा की अध्यक्षता में मा0 आयोग की बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में आयोग की कार्यप्रणाली में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं उत्कृष्टता को और अधिक सुदृढ़ किये जाने एवं इसके नियमित पर्यवेक्षण तथा अनुश्रणव किये जाने हेतु कतिपय निर्णय लिया गये।

उक्त निर्णयों के क्रम में आयोग स्तर पर आयोजित होने वाली समस्त परीक्षाओं की चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की अभ्यर्थियों को जानकारी उपलब्ध कराने हेतु एक प्रभावी प्रणाली विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में युवा संवाद एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के संबंधित प्राधिकारी से समन्वय स्थापित कर आयोग की कार्यप्रणाली विशेष रूप से ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया एवं विज्ञापन की विभिन्न शर्तों/निर्देशों आदि के संबंध में अभ्यर्थियों में जागरूकता का प्रसार करने हेतु कार्यशाला/कार्यक्रम चलाये जाने का निर्णय लिया गया। आयोग द्वारा सम्पादित की जाने वाली डी0पी0सी0 के आयोजन के लिए समयबद्ध एवं परदर्शी व्यवस्था विकसित करने तथा सीधी भर्ती के अंतर्गत विभिन्न परीक्षाओं के संबंध में अभ्यर्थियों के प्रत्यावेदनों के ऑनलाइन निस्तारण हेतु तंत्र विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त के अतिरिक्त दिनांक 16 अगस्त, 2023 से राज्य सरकार द्वारा हरेला पर्व को धूम–धाम से मनाये जाने के निर्णय के क्रम में आयोग की भागीदारी को सुनिश्चित किये जाने हेतु आयोग के कार्यालय एवं आवासीय परिसर में वृक्षारोपण के साथ–साथ अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

उपरोक्त सभी व्यवस्थाओं के सुचारू एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु विभिन्न समितियों एवं प्रकोष्ठों का गठन किये जाने हेतु निर्देश निर्गत किये गये।

6/7/23

गिरधारी सिंह रावत
सचिव